# प्रॉपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह की सरेराह हत्या करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

## आरोपियों ने 14 दिन पहले बैनाड़ रोड पर डंडे-सरियों से पीटकर विजेन्द्र की हत्या की थी

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में 14 दिन पहले सरेराह स्कॉर्पियो रोककर प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र सिंह गुलाबबाड़ी की हत्या करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो बदमाशों को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने विजेन्द्र की रैकी करवाकर पूरी प्लानिंग के साथ उसकी हत्या की थी। यहां तक कि फरारी काटने के लिए जयपुर में अलग-अलग जगहों पर किराये पर पहले ही फ्लैट ले लिए थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि करधनी इलाके में 9 नवंबर को सरेराह स्कॉर्पियो रोककर प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र सिंह की हत्या करने वाले मुख्य आरोपित सागर सिंह उर्फ दीपेन्द्र (30) निवासी अजीतगढ़ हाल झोटवाड़ा, जितेन्द्र सिंह (26) निवासी परबतसर नागौर, दुर्गेश सिंह चन्द्रावत (28) निवासी आंधी जयपुर ग्रामीण और शैलेन्द्र सिंह उर्फ नागर सिंह राठौड उर्फ सोनू (22) निवासी नावां नागौर हाल बालाजी विहार करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी सागर सिंह व महावीर मीणा हत्याकांड में शामिल था। बदमाशों ने बलदीप सिंह राठौड़ और विजय सिंह से विजेन्द्र की रैकी कराई थी, इन दोनों बदमाशों को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि हत्याकांड में शामिल गिरफ्तार सागर सिंह उर्फ दीपेन्द्र, नागर सिंह, जितेन्द्र हुलढाणी, दुर्गेश सिंह कुछ चिन्हित किये गये व्यापारियों को धमकाकर रुपये ऐंठने की फिराक में थे।

इसके अलावा सामने आया कि प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र सिंह की हत्या से पहले आरोपितों ने पूरा मर्डर प्लान बना लिया था। जिसके बाद फरारी काटने के लिए आरोपितों ने पहले से ही विद्याधर नगर, भांकरोटा, जगतपुरा, मानसरोवर में किराए के फ्लैट लिए थे।आरोपित सागर सिंह, शिवराज सिंह जूसरिया, शिवराज उर्फ शेखू, भगवान सिंह, संग्राम सिंह किरडोली, अजय सिंह सिंगोद, अजय सिंह निटूटी, सुलतान गुर्जर, दुर्गेश सिंह, जितेंद्र हुलढाणी, नागर सिंह राठौड़, भूपेंद्र उर्फ भूपी, बलदीप सिंह, विजय सिंह उर्फ सन्नी, अंकित आकोदा, रविन्द्र सिंह खानडी, राघवेन्द्र उर्फ बंटी ने पिछले 2 माह में कई बार अलग-अलग स्थानों पर एकत्र होकर विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी को मारने की योजना बनाई थी और बदमाशों को वारदात को अंजाम देने के लिये अलग-अलग टास्क दिये गये थे। गौरतलब है कि 9 नवंबर को करधनी इलाके में विजेंद्र सिंह गुलाबबाड़ी पर बदमाशों ने हमला किया था। विजेंद्र सिंह पर लाठी, सरिये व चाकू आदि से हमला किया गया था। इसके बाद विजेंद्र सिंह को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान विजेंद्र सिंह की मौत हो गई थी।


प्रॉपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह की हत्या करने वाले चार बदमाशों को करधनी थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

- **बदमाश दो महीने से बना रहे थे हत्याकांड की योजना, फरारी काटने के बाद भांकरोटा, जगतपुरा विद्याधरनगर व मानसरोवर में रहने के किराए पर फ्लैट भी ले लिए थे**
- **वारदात में शामिल चारों बदमाश चिन्हित व्यापारियों को धमकाकर रुपये ऐंठने की फिराक में थे**

# युवक को लूटकर फरार हुई दुल्हन दिल्ली से गिरफ्तार

## लुटेरी दुल्हन और उसकी गैंग ने शादी के नाम पर मुहाना निवासी युवक से 14 लाख रुपये ऐंठे थे

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने शातिर लुटेरी दुल्हन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। युवती के कथित पिता और अन्य रिश्तेदार पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपित लुटेरी दुल्हन भी कई लोगों से इस तरह की ठगी कर चुकी है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी।

डीसीपी ( दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन बिनीता मुखी उर्फ संगीता (26) को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला असम की रहने वाली है, जो कि गुरुग्राम हरियाणा में किराए पर रह रही थी। आरोपी दुल्हन पहले से ही शादीशुदा है। आरोपी महिला के कथित पिता और अन्य आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके है। आरोपियों ने पीड़ित युवक से शादी कराने के नाम पर 14 लाख रुपए हड़पे थे।

- **आरोपी संगीता शादी के कुछ दिन बाद घर से जेवरात और पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गई थी**

पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर 2021 को मुहाना थाने में पीड़ित रामदयाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अलवर थानागाजी निवासी सुरेश शर्मा और दीपक शर्मा, जयपुर निवासी शंभू दयाल, मुकुंदपुरा निवासी रामचंद्र शर्मा ने संगीता नाम की लड़की को सुरेश शर्मा की पुत्री बताकर उसके साथ शादी करवाई थी। शादी की एवज में 14 लाख रुपए नगद ले लिए थे। संगीता कुछ समय तक रामदयाल की पत्नी बन कर रही और कुछ समय बाद घर से जेवरात और 5 लाख रुपए लेकर गायब हो गई। शादी के बाद दुल्हन घर से गायब हो जाने के बाद रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने पीड़ित को झूठे दहेज और दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी थी।



आरोपी महिला एक साल से अपना नाम-पता बदलकर और पहचान छुपाकर फरारी काट रही थी। पुलिस ने आरोपी महिला को दिल्ली से डिटेन करके गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित महिला बिनीता उर्फ संगीता राजस्थान समेत कई राज्यों में ऐसी गैंग से जुड़कर ठगती है। उसने अब तक कई वारदातें कबूली है। इनकी गैंग के सदस्य उन लोगों को चिन्हित करते हैं, जो पैसे वाले हैं और उनकी शादी नहीं हो रही होती है। शादी कराने के नाम पर यह लोग पहले लाखों रुपए लेते हैं और शादी के कुछ दिनों बाद ही लड़की पैसा और जेवरात लेकर घर से भाग जाती हैं।

# गन्ने की मशीन में सिर फंसने से वृद्धा की मौत

**जयपुर** (कासं)। एसएमएस अस्पताल के सामने बुधवार दोपहर गन्ने की मशीन (जुगाड़) से रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ। मिनी बस से बचने के लिए एक वृद्धा पीछे हुई, तभी वृद्धा की साड़ी मशीन के पट्टे में फंस गई। पलभर में वृद्धा का सिर पट्टे व मशीन में फंस गया।

तमाशबीनों की भीड़ जुट गई, लेकिन किसी ने वृद्धा को पट्टे से बाहर निकालने का प्रयास नहीं किया। तभी नजदीक फल बेच रही महिला ने दौड़कर वृद्धा के सिर को पट्टे व मशीन के बीच से बड़ी मशक्कत से निकाला। लेकिन तब तक वृद्धा की मौत हो चकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वृद्धा के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान श्योसिंपुरा कल्लावाला स्थित बालाजी विहार निवासी सुशीला देवी (70) के रूप में हुई।

पोस्टमार्टम के लिए शव अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। सुशीला देवी के परिजन को हादसे की सूचना दे दी। हादसे के बाद जुगाड़ चलाने वाला युवक मौके से भाग गया। पुलिस ने बस व जुगाड़ को जब्त किया है। पुलिस ने बस चालक की भी लापरवाही बताई है और मामले की जांच कर रही है।

# 'कचरा निस्तारण की ठोस कार्य योजना बनाएं'

**जयपुर**। जयपुर जिला कलेक्टर प्रकश राजपुरोहित ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन और उपयोग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने कचरा निस्तारण के लिये कार्य-योजना तैयार करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने एनजीटी के फैसलों की अनुपालना सुनिश्चित करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ ावा देने के लिये आमजन को जागरूक करने के लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने सांभर झील की वर्तमान स्थिति अतिक्रमणों, रख-रखाव आदि के बारे संबंधित उपखण्ड अधिकारी से विस्तृत चर्चा की।

# 20 लाख की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का फैन (गुर्गा) व्हाट्सएप कॉल करके 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने सांगानेर निवासी हरजेष नराणिया को धमकी देकर फिरौती मांगी थी और रुपये नहीं देने पर बच्चे को गोली मारने की धमकी दी थी। आरोपित सोशल मीडिया के जरिए कई अपराधियों से जुड़ा हुआ है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व करण शर्मा ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का फैन गुर्गा व्हाट्सएप कॉल करके बीस लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एक आरोपी शोएब खान उर्फ सॉफटी निवासी मण्डावर जिला दौसा हाल निवासी बंधा बस्ती नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का फैन है तथा आनन्दपाल सिंह के केसावर व गैंग के लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से जुडा हुआ है जो आनंदपाल की तरह बडा गैंगस्टर बनना चाहता था। सिर्फ व्हाट्सएप के जरिये ही सम्पर्क करता है। आरोपित सोशल मीडिया के जरिए किन अपराधियों से सम्पर्क है उन्हे खंगाला जा रहा है।

# राजस्थानी गीत को मिले लाखों व्यूज

**जयपुर**। बॉलीवुड तकनीक पर बनी राजस्थानी फिल्म लव यू म्हारी जान के गीत प्रदर्शन से पहले ही लोगों की जुबान पर चढ़ने लगे हैं। फिल्म के निर्देशक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछले महीने से इसके गीत विभिन्न सोशल मीडिया पर जारी किए थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर की रिपोर्ट का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए बताया कि फिल्म का गीत म्हारी हार्ट बीट बढ़ जावे इस समय युवा दिलों की धड़कन बना हुआ है। पूरे देश से इस गाने की धुन पर रील बनाकर शेयर करने का सिलसिला जारी है। अब तक एक एक रील को हजारों व्यूज मिल रहे है।

# महिला शक्ति ने लगाई दौड़



**जयपुर** । प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की ओर से विद्याधर नगर में 23 नवंबर को विमेंस रन फॉर नेशन के तीसरे एडिशन का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में कानोरिया कॉलेज, भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय, सेंट्रल अकैडमी, भवानी निकेतन लॉ कॉलेज,केपीएस उड़ान की छात्राओं सहित विद्याधर नगर की करीब 1000 महिला शक्ति ने हिस्सा लिया। हर वर्ष आयोजित की जाने वाली इस मिनी महिला मैराथन को लेकर संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर बहुत कार्यक्रम करती है। हर साल विमेंस रन फॉर नेशन का आयोजन करते है और साल दर साल इसमें महिलाओं की भागीदारी कार्यक्रम को सफल बना रही है। इस बार विमेंस रन फॉर नेशन को जयपुर ग्रेटर निगम के डिप्टी डायरेक्टर प्रवीण कुमार मील, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रशांत सहदेव शर्मा, कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रन में इस बार रोटरी क्लब रॉयल जयपुर सेंट्रल के प्रेसिडेंट अरुण बगड़िया सहित रोटेरियन विजय कुमार राजोरिया, राजेश विजय, रोहताश यादव, अजय आहूजा,मोहन बगड़िया की ओर से प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाली विजेता छात्राओं को नगद पुरस्कार के रुप में चेक वितरित किए।

# गैर अनुमोदित निर्माण को हटाने पर अंतरिम रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। जेडीए अपीलीय अधिकरण ने न्यू सांगानेर रोड स्थित जेडीए की गैर अनुमोदित योजना महावीर नगर में हुए निर्माण को हटाने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अधिकरण ने जेडीए को कहा है कि वह निर्माण को सील भी नहीं करे। हालांकि अधिकरण ने निर्माण जारी रखने की अनुमति के संबंध में कोई आदेश नहीं दिए हैं। अधिकरण ने यह आदेश उमा देवी की अपील पर दिए। गौरतलब कि जेडीए की गैर अनुमोदित योजना महावीर नगर में हुए निर्माण को लेकर जविप्रा ने पाया कि निर्माणकर्ता ने बिल्डिंग बायलॉज की अवहेलना करते हुए सड़क सीमा में भी अतिक्रमण कर लिया। मामले में प्रवर्तन अधिकारी की ओर से निर्माणकर्ता को नोटिस दिए गए थे। वहीं अपीलार्थी की ओर से प्रकरण में पेश जवाब को भी खारिज कर दिया था। अपीलार्थी की ओर से अधिकरण में कहा गया कि जेडीए को अपीलार्थी के खिलाफ कार्रवाई करने से रोका जाए और मामले में जारी नोटिस की क्रियान्विति भी स्थगित की जाए।

# फीडिंग हैंड्स के रसोईघर का शुभारंभ



**जयपुर** (कासं)। फीडिंग हैंड्स संस्था ने जयपुर में निःसहाय और निर्धन लोगों को खाना पहुंचाने के लिए अपनी रसोई "भोजन सभी के लिए" शुरू की है।

मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में एफ-54 में स्थापित इस रसोईघर का शुभारंभ राजस्थान स्मॉल स्केल इंडस्ट्री के चेयरमैन राजीव अरोड़ा और टेक महेन्द्रा के सीईओ सी.पी.गुरनानी ने किया। फीडिंग हैंड्स के सी.ई.ओ. अमरदीप सोनी व अध्यक्ष इकबाल एस. सोनी ने बताया कि भामाशाहों व व्यापारियों की मदद से यह संस्था बीते 4 वर्षों से प्रतिदिन दो हजार निःसहाय, निर्धन व निशक्तजनों को अपनी वैन के माध्यम से भोजन वितरित करती आ रही है। संस्था सचिव योगेश नरूला ने बताया कि फीडिंग हैंड्स रोज सवेरे 350 कप चाय और शाम को 250 नाश्ते के पैकेट मुफ्त वितरण करती है। यह भोजन कैंसर हॉस्पिटल, जयपुरिया अस्पताल, जे.के.लॉन हॉस्पिटल, महिला चिकित्सालय व एस.एम.एस. अस्पताल परिसर में बांटते है।

# हैरिटेज निगम मुख्यालय में फिर धरने पर बैठे कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद

## बोर्ड बनने के दो साल बाद भी संचालन समितियां गठित न होने से नाराजगी

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड बने दो साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक संचालन समितियां नहीं बनी है। इस कारण कांग्रेस व सहयोगी निर्दलीय पार्षदों में कांग्रेस सरकार के प्रति रोष छाया हुआ है।

बुधवार को एक बार फिर समितियों के गठन की मांग को लेकर नाराज कांग्रेसी व निर्दलीय पार्षद हैरिटेज निगम मुख्यालय में धरने पर बैठ गए। पार्षदों ने चेताया है कि जब तक समितियां गठन को लेकर कोई सकारात्मक बात नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। हालांकि महापौर महापौर मुनेश गुर्जर धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने आई। महापौर ने समिति गठन सरकार के स्तर पर होने की बात कही, इस पर पार्षदों ने दो टूक जवाब दिया कि हमने आपका साथ दिया, अब समितियों के लिए आप बात करें। हालांकि महापौर ने कहा कि उन्होंने समितियों के गठन को लेकर मुख्यमंत्री से बात की है, समितियां जल्द बननी चाहिए।

देखा जाये तो हैरिटेज नगर निगम में समितियों के गठन की मांग को लेकर कांग्रेस के साथ निर्दलीय पार्षद 6 बार लामबंद हो चुके है। पार्षद कई बार धरना-प्रदर्शन भी कर चुके है। हर बार कांग्रेस के विधायक आपस में चर्चा कर जल्द कमेटियां घोषित करने की कहकर मामले को शांत करवा देते है। हालांकि हैरिटेज नगर निगम प्रशासन ने संचालन समिति गठन और चेयरमैन बनने को लेकर करीब डढ़ साल पहले ही कमरे तैयार कर दिए। ये कमरे तब से खाली पड़े है, जिन पर निगम प्रशासन ने ताले लगा रखे है।

- **महापौर मुनेश गुर्जर ने समिति गठन जल्द ही सरकार के स्तर पर होने की बात कहकर पार्षदों को मनाने की कोशिश की, लेकिन पार्षदों ने दो टूक जवाब दिया कि हमने आपका साथ दिया, अब समितियों के लिए सरकार से आप बात करो**


हैरिटेज निगम मुख्यालय में बुधवार को कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों ने धरना दिया।

# परसादी ने केन्द्र की मेडिकल हेल्थ स्कीम को फेल बताया

- **चिकित्सा मंत्री कहा कि आयुष्मान भारत से जुड़े देश के तमाम हॉस्पिटल ने खुद को अलग कर लिया है।**
- **मंत्री ने भ्रूण मामले में महिला चिकित्सालय प्रशासन को दी क्लीन चिट**

**जयपुर** । चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बुधवार को केन्द्र की मेडिकल हेल्थ पॉलिसी आयुष्मान भारत पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना से आज देशभर के अटैच हॉस्पिटलों ने खुद को अलग कर लिया है। उनके खुद के राज्य गुजरात हो या कोई दूसरा राज्य में वहां मरीजों को इस योजना की सुविधाएं नहीं मिल रही है।

जयपुर में सांगानेरी गेट महिला हॉस्पिटल में बने नए इनटेंसिव केयर यूनिट और लेबर रूम के लोकार्पण समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि राजस्थान में जो मेडिकल सुविधाएं वर्तमान में मिल रही है वह देश में एक मॉडल स्टेट के रूप में है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की आयुष्मान भारत योजना में अब मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिल रही। पिछले दिनों पीएम नरेन्द्र मोदी गुजरात की एक सभा में इस योजना को लेकर भाषण दे रहे थे, लेकिन मैं बता कि इस योजना में जो हॉस्पिटल पहले जुड़े थे वे अब खुद को अलग कर चुके है। फिर चाहे उनका खुद का प्रदेश गुजरात हो या कोई दूसरा राज्य। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत में मरीजों को 5 लाख रुपए तक का बीमा कवर हो रहा है, जिसका लाभ नहीं मिल रहा। पिछले दिनों इसी हॉस्पिटल परिसर में एक कुत्ते के मुंह में नवजात का भ्रूण मिला था, जिसको लेकर हॉस्पिटल प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल उठे थे। इस मामले पर मंत्री ने आज हॉस्पिटल प्रशासन को क्लीन चिट दी। उन्होंने कहा कि हमने इस मामले की पूरी जांच करवा ली है। उन्होंने बताया कि जिस समय भ्रूण मिला और उस और उससे एक-दो दिन पहले की इस हॉस्पिटल में जितनी भी डिलेवरी यहां हुई उन सबके परिजनों से फोन करके प्रशासन पूछताछ की है, जिसमें लेकिन सभी ने मना कर दिया कि उनके किसी भी बच्चे की डेथ नहीं हुई। ये निश्चित हो गया कि ये मामला कहीं बाहर का है।

## सार-समाचार

### हाउसिंग बोर्ड को स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड

**जयपुर** । राजस्थान आवासन मंडल को नवाचारों और कायाकल्प के लिए हाउसिंग श्रेणी में एक बार फिर स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया है। मण्डल को लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान मिल रहा है। इससे पहले मंडल को हाउसिंग कैटेगरी में वर्ष 2021 के स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड मिल चुका है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने बताया कि यह उपलब्धि मण्डल की टीम के सामूहिक प्रयासों एवं मेहनत का परिणाम है। पिछले वर्षों में बुधवार नीलामी उत्सव, ई-बिड सबमिशन एवं ई-ऑक्शन जैसे नवाचारों के जरिये 16 हजार से अधिक अधिशेष सम्पत्तियों के निस्तारण किया गया। इसके साथ ही कोचिंग हब, विधायक आवास, मुख्यमंत्री जन आवास योजना, एआईएस एवं एसएस रेजीडेंसी, जयपुर चौपाटी जैसी परियोजनाओं तथा प्रशासनिक सुधार के लिये किये गये प्रयासों के चलते राजस्थान आवासन मण्डल ने नई पहचान कायम की। आवासन आयुक्त ने बताया कि बीते करीब साढे तीन वर्षों में मण्डल को इण्डियन बिल्डिंग कांग्रेस, नेशनल रियल एस्टेट काउंसिल नई दिल्ली, स्कॉच ग्रुप जैसी संस्थाओं से कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वर्ष 2020 में बुधवार नीलामी उत्सव के तहत मात्र 12 दिन में 185 करोड़ रूपये मूल्य की 1213 सम्पत्तियों के विक्रय, वर्ष 2019 में मात्र 35 कार्यदिवसों में 1010 मकान बेचने तथा मानसरोवर एवं प्रताप नगर चौपाटी में नवम्बर, 2021 से मार्च, 2022 के दौरान पहले 5 माह में 6 लाख 10 हजार 670 लोगों के प्रवेश (फुट-फॉल) को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने अन्तर्राष्ट्रीय कीर्तिमान के रूप में मान्यता दी है। हाउसिंग कैटेगरी में वर्ष 2021 के स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड के बाद स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड-2022 इसी दिशा में एक और कडी है।

### 'सफलता मिलने तक मेहनत करो'

**जयपुर**, (का.सं.)। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रघुपति सिंघानिया ने कहा कि डिग्री आपके हाथ में है, स्ट्रांग कैरेक्टर और वैल्यूज के साथ आगे बढ़िए, सफलता तय है। वे बुधवार को यूनिवर्सिटी के दसवें कन्वोकेशन एंड फाउंडर्स डे सेरेमनी के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 107 स्टूडेंट्स को डिग्री एवं 4 स्टूडेंट्स को 5 गोल्ड मेडल से नवाजा गया। यूनिवर्सिटी में डिजाइन फैकल्टी में पहली डिग्री आयुष श्रीवास्तव को दी गई। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स ऋषभ सिंघल, आदित्य राठौड़, सार्थक यादव और पराग बगडिया रहे। इनमे ऋषभ को दो गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर सिंघानिया ने यूनिवर्सिटी के गत 10 वर्षों में प्राप्त किए गए अचीवमेंट एवं ग्लोबल लेवल पर विभिन्न यूनिवर्सिटीज के साथ टाई अप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्टूडेंट्स से "चेंज द वर्ल्ड " की थीम पर काम करने को कहा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रदेश मे बेस्ट प्रोमिसिंग यूनिवर्सिटी के लिए मिले फर्स्ट अवार्ड, पहली बार में ही ए प्लस नैक एक्रिडेशन जैसी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए यूनिवर्सिटी मे स्टूडेंट्स को जॉब रेडी के साथ लाइफ रेडी बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रो वीसी आशीष गुप्ता, ऑफिशिएटिंग रजिस्टार केके माहेश्वरी, स्टूडेंट्स अफेयर्स हैड दीपक सोगानी, एडमिशन हेड धनंजय देवांगन समेत विभिन्न डिपार्टमेंट के डायरेक्टर, फैकल्टी मेंबर, स्टूडेंट्स एवम पैरेंट्स समेत यूनिवर्सिटी के अन्य लोग उपस्थित थे।

### वीडियो वायरल करने वाले दो पकड़े

**जयपुर** । राजधानी की मालवीय नगर थाना पुलिस ने 24 घंटों में नाबालिग बच्ची को डरा धमकाकर उसे ज्यादती करने व अश्लील वीडियो बनाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सौरभ रठाडिया निवासी रैगर मौहल्ला अम्बेडकर सर्किल दौसा और विजय रैगर निवासी नेवटा सेज जयपुर है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पीड़िता के परिजनों ने मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता को डरा धमकाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार संबंध बनाए। बाद में आरोपियों ने पीड़िता का वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 24 घंटों में ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### ठाकुर से मिली गायत्री परिवार की टीम

**जयपुर**। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से गायत्री परिवार के एक प्रतिनिधिमंडल मंडल ने मिलकर गायत्री परिवार द्वारा देशभर में चलाई जा रही लोक कल्याणकारी गतिविधियों को विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से देश प्रदेश में प्रसारित करवाने का आग्रह किया। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वय ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि देशभर में गायत्री परिवार सर्व समाज के लिए अनेक लोक कल्याणकारी गतिविधियां निशुल्क संचालित कर रहा है। जिसमें नशा मुक्ति आंदोलन, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, शिक्षा, स्वास्थ्य आंदोलन, यज्ञ और संस्कार प्रमुख हैं। इन पर वृत्तचित्र बनाकर दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित किया जाए, ताकि समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ हो। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य स्वतंत्रता सेनानी, विचारक, लेखक, समाज सुधारक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन पर भी शॉर्ट फिल्म तैयार करवाकर दूरदर्शन पर प्रसारित करे।

### पेट भरो चेतावनी महारैली आज

**जयपुर** (कासं)। संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान की ओर से "पेट भरो चेतावनी" महारैली 24 नवंबर को दोपहर 12 बजे विद्याधर नगर स्टेडियम में निकाली जायेगी। जानकारी के मुताबिक इस हुंकार रैली में राजस्थान में अल्पसंख्यक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में कार्यरत सभी संविदाकर्मी शामिल होंगे।